वर्ष 29 अंक 22
पृष्ठ 18
बरेली, मंगलवार
3 अक्टूबर 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

PAGE NO. 8 : TOP MIDDLE

एसआरएमएस ट्रस्ट ने दी छात्रवृत्ति

राममूर्ति की 29वीं पुण्यतिथि पर 735 विद्यार्थियों को दी तीन करोड़ रुपये की मदद

जागरण संवाददाता, बरेली : श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) ट्रस्ट की ओर से सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री स्व. राममूर्ति की 29वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह हुआ। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से 735 विद्यार्थियों को तीन करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

एसआरएमएस में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही राममूर्ति की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि भी दी गई। ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने राममूर्ति के जीवन पर प्रकाश डाला और संस्थान की उपलब्धियां बताईं। कहा कि एसआरएमएस की ओर से पहली बार 11 विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये छात्रवृत्ति के रूप में दिए गए थे। अब यह राशि बढ़ कर तीन करोड़ पहुंच चुकी है और विद्यार्थियों की संख्या भी 735 हो गई। साथ ही ट्रस्ट ने आल इंडिया टैलेंट छात्रवृत्ति भी शुरू की है, जिसमें हर वर्ष 50 लाख रुपये प्रति व्यक्ति की छात्रवृत्ति

विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते कुलपति प्रो . अनिल शुक्ला, साथ में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्यमूर्ति • जागरण

रिसर्च डेवलपमेंट के लिए प्रमोट करने के लिए दी जाती है। इसे कॉलेज से पासआउट विद्यार्थी भी हासिल कर सकते हैं। देवमूर्ति ने इस साल एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में माडर्न बर्न यूनिट स्थापित किए जाने का भी जिक्र किया।

कहा कि इसमें 85 फीसद जले मरीजों को भी बचाने का प्रयास किया जाएगा। देवमूर्ति ने पिछले दिनों संस्थान की ओर से शुरू की गई सेटेलाइट टेलीमेडेसिन बस और टेलीमेडेसिन सेंटर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से पांच साल पहले 365 रुपये में एक परिवार को पचास हजार रुपये तक के इलाज की घोषणा की गई थी। आज इस योजना के तहत 46 हजार लोग पंजीकृत हैं। इन पर बीस लाख रुपये से अधिक का इलाज खर्च प्रतिमाह वहन किया जाता है।

श्रद्धांजलि समारोह में देवमूर्ति ने ट्रस्ट द्वारा विश्वविद्यालय में विशिष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दिए जाने की बात कही। साथ ही बताया कि इस बार एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के 291 विद्यार्थियों, एसआरएमएस मेडिकल साइंस के 15 छात्रों, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी रिसर्च की 35 छात्राओं, लखनऊ स्थित एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी के 11 विद्यार्थियों, लखनऊ के ही एसआरएमएस इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल के एक छात्र को छात्रवृत्ति दी गई है। इस दौरान 50 यूनिट रक्तदान भी किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला, श्यामलाल कनौजिया, गुरु मेहरोत्रा, अश्वनी ओबेराय, प्रेमप्रकाश गुप्ता, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. एपी सिंह, ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, डॉ. आरसी पुरोहित, सुभाष मेहरा, प्रो. प्रभाकर गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम

- श्रद्धांजलि दिवस पर एसआरएमएस में 50 यूनिट हुआ रक्तदान
- मेडिकल कॉलेज में स्थापित की जाएगी माडर्न बर्न यूनिट